प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 920बजे

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही आज 11 बजे शुरू होगी। सत्र के नौवें दिन आज प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। इसके अलावा कृषि मंत्री चंद्र कुमार, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। सदन में सरकारी विधेयकों पर विचार विमर्श भी होगा। इसके अलावा नियम–62 के अंतर्गत रणधीर शर्मा श्री नयना देवी जी निर्वाचन क्षेत्र में बढ़ रही बिजली की समस्या और राकेश जम्वाल बी.बी.एम.बी द्वारा निर्मित बी.एस.एल सुंदरनगर जलविद्युत परियोजना से लोगों को आ रही समस्याओं पर सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे।

आबकारी संशोधन विधेयक

प्रदेश विधानसभा में राज्य आबकारी संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया है। इस विधेयक में अवैध शराब बनाने और इसके अवैध धंधे पर अंकुश लगाने के लिए पहले से अधिक कड़े प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि गुणवत्ताहीन और जहरीली शराब पकड़े जाने पर संपत्ति जब्त करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा पांच साल तक की कैद और पांच लाख रूपए तक का जुर्माना भी होगा। उन्होंने कहा कि अवैध, गुणवत्ताहीन और जहरीली शराब पकड़े जाने पर एक्साईज़ एक्ट के तहत संपत्ति जब्त करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।

उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि शिमला के ढली में निर्मित बस अड्डे का जल्द लोकार्पण किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ ढली बस अड्डे के निरीक्षण के बाद अग्निहोत्री ने कहा कि 13 करोड़ रूपए से इस बस अड्डे का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अड्डे में दो क्षेत्रीय प्रबंधक बैठेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बस अड्डे के साथ वाली निगम की पुरानी कार्यशाला का जल्द जीर्णोद्धार किया जाएगा, जिस पर प्रथम चरण में लगभग 24 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि संजौली में निर्मित मस्जिद यदि अवैध है तो उस पर सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। एक बयान में उन्होंने कहा कि आम आदमी एक फुट भी भवन को बढ़ा ले तो उसके बिजली पानी के कनेक्शन काट दिए जाते हैं।

मगर इस मामले में इस तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जयराम ठाकुर ने कहा है कि अवैध निर्माण को लेकर किसी के द्वारा भी कोई संरक्षण दिया जा रहा है तो उस पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

भवन निर्माण

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में अब सड़क से एक मीटर नीचे ही भवनों का निर्माण होगा। विधानसभा में विधायक अजय सोलंकी के सवाल पर उन्होंने कहा कि वैली व्यू को बचाए रखने के लिए सरकार ने यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़कों के आसपास निर्माण कार्यों पर नज़र रखने के लिए प्लानिंग एरिया बनाए गए हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी, कुल्लू, चंबा और कांगड़ा जिलों में गरज के साथ बारिश होने का अनुमान लगाया है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य भागों में भी हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से————

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने विधानसभा के मानसून सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है अब अवैध, गुणवत्ताहीन और जहरीली शराब पकड़े जाने पर जब्त होगी संपत्ति। दैनिक भास्कर के अनुसार जयराम और जगत सिंह नेगी में तू–तू, मैं–मैं, विपक्ष का वॉकआउट, निंदा प्रस्ताव पारित।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है संजौली में मस्जिद के अवैध निर्माण पर तपा शिमला। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं शिमला में अवैध मस्जिद के विरोध में भड़का जनाक्रोश। आपका फैसला का कहना है संजौली में अवैध निर्माण पर भड़के लोग, जोरदार प्रदर्शन।

हिमाचल में सड़क से एक मीटर नीचे ही होगा भवनों का निर्माण शीर्षक से अमर उजाला लिखता है टीसीपी मंत्री बोले,वैली व्यू बचाए रखने को सरकार ने लिया फैसला।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है शिक्षकों के तबादलों में दोहरे मापदंड पर प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को फटकार–हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव से मांगी कार्रवाई की रिपोर्ट।

प्रदेश सरकार ने 700 करोड़ रूपए के लोन को किया अप्लाई संबंधी खबर भी अखबारों में प्रमुखता लिए हुए है।

पंजाब केसरी की एक खबर है मणिमहेश यात्रा–भरमौर हैलीपैड से गौरीकुंड के लिए आज व कल नहीं होगी कोई उड़ान।

आपदा पर शत–प्रतिशत केंद्रीय मदद के लिए प्रस्ताव पास शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है हिमाचल प्रदेश को सिक्किम, असम और उत्तराखंड की तर्ज पर राहत दिए जाने का आह्वान।